## 1.46 लाख रूपये का अवार्ड पारित

**तारानगर** । तारानगर न्यायालय मोटर दुर्घटना दावाधिकरण के पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने सड़क दुर्घटना मामले में ब्याज सहित कुल 11.46 लाख रूपये का आवार्ड पारित किया। पीड़ित की ओर से पैरवी कर अधिवक्ता अनिल कुमार स्वामी राजपुरा ने बताया कि 21 जनवरी 2018 समन्दरसर गाँव के निवासी मोहनराम अपना टैम्पों लेकर चूरू से राजगढ जा रहा था, जब राजु की ढाणी के पास पहुंचा तो सामने से वाहन चालक जावेद लुहार गाडी को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए मोहनराम के टैम्पों के टक्कर मार दी, जिससे मोहनराम के गम्भीर चोटें आई, गम्भीर चोटों की वजह से मोहनराम की मृत्यु हो गई। उक्त घटना का तारानगर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने अनुसंधान कर कार चालक के खिलाफ न्यायालय में चालान पेश किया। मृतक मोहनराम की ओर से उसकी पत्नी छगु देवी व पुत्र पुत्रियों ने न्यायालय में क्लेम याचिका पेश की जिसमें पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार मीणा ने पत्रावली का अवलोकन कर पत्रावली पर आये साक्ष्यों के आधार पर प्रार्थीगण के पक्ष में ब्याज सहित कुल 11.46 लाख रूपये का अवार्ड पारित कर अप्रार्थी बीमा कम्पनी को अदा करने का आदेश प्रदान किया।

# वक्फ संशोधन बिल पेश होने पर बांटी मिठाई

**झुंझुनूं** । केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल पेश करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के रोड नंबर एक पर मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मुबारकबाद दी। मोर्चा जिलाध्यक्ष शौकत अली चौहान ने बताया कि वक्फ संशोधन बिल से वक्फ भूमि के दुरूपयोग और अवैध कब्जे को रोकने में मदद मिलेगी। जिससे वक्फ बोर्डों के राजस्व में वृद्धि होगी। इससे उन्हें कल्याणकारी कार्यक्रमों का विस्तार करने में मदद मिलेगी। नियमित लेखा परीक्षा और निरीक्षण से वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा मिलेगा और वक्फ प्रबंधन से जनता का विस्वास मजबूत होगा। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, आवास और आजीविका सहायता के लिए धन आवंटित किया जाएगा। जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सीधा लाभ होगा और मुस्लिम महिलाओं को बड़े पैमाने पर सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर मोर्चे के जिला महामंत्री लुकमान खान गांगियासर, रुस्तम अली कांट, मोर्चे के नगर मंडल अध्यक्ष खलील सिलावट, भाजपा नेता आजम राठौड़, हाजी मोहम्मद अय्यूब, उस्मान गनी लादूसरिया, अब्दुल वाहिद अब्बासी, मोहम्मद शरीफ राइन, मोहम्मद तौफीक भीमसरिया, सद्दाम खान यूपी वाले, मोहम्मद सलीम गुढा, शाहिद फारूकी, मुस्लिम खान मीर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



केंद्र सरकार द्वारा वक्फ संशोधन बिल पेश करने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी।

- **वक्फ संशोधन बिल से वक्फ भूमि के दुरूपयोग और अवैध कब्जे को रोकने में मदद मिलेगी। जिससे वक्फ बोर्डों के राजस्व में वृद्धि होगी।**

## भगवा रैली के लिए पोस्टर जारी

**लक्ष्मणगढ शेखावाटी** । रामनवमी की पूर्व संध्या पर यहां आयोजित होने वाली विशाल भगवा रैली की तैयारीयों को लेकर बुधवार को पुजारी भवन में मीटिंग आयोजित हुई तथा भगवा रैली के पोस्टर, पंपलेट व स्टिकर का विमोचन किया गया। रैली के संयोजक जयशंकर पुजारी ने बताया कि रामनवमी की पूर्व संध्या पर 5 अप्रैल को शाम 4 बजे लालकुआं दुर्गा पूजा स्थल से रवाना होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए घंटाघर पहुंचेंगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान जगह जगह तोरणद्वार, पुष्प वर्षा, शीतल पेय और आतिशबाजी से रैली का स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिंदूवादी संगठनों की ओर से सामूहिक रूप से निकाली जाने वाली भगवा रैली की तैयारी को लेकर मीटिग आयोजित हुई। मीटिंग में रैली की प्रचार सामठाी का विमोचन किया गया एवं कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर पुरूषोत्तम मिश्रा,पवन गोयनका, भाजपा शहर अध्यक्ष ललित पंवार, पार्षद मुकेश सैनी, विष्णु शर्मा, अमित जोशी,पूर्व पार्षद अरुण सैन, सुभाष पारीक, संदीप नेता, ताराचंद कुमावत, राजेश बेदी, सचिन माटोलिया, वीरेंद्र भार्गव, रविप्रकाश जोशी,कमल सुरोलिया, योगेश गोयनका सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सार-समाचार

### निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**झुंझुनूं** । सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनू द्वारा संचालित राणी सती रोड स्थित तुलस्यान बंसल सेवा सदन में द्वितीय फ्लोर पर आठ कमरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ गुरुवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राजकुमार तुलस्यान, कोषाध्यक्ष उत्तम अशोक तुलस्यान, ट्रस्टी अशोक भरत तुलस्यान, आशीष श्रीमोहन तुलस्यान एवं डॉ. डीएन तुलस्यान ने पूजा अर्चना करवाई। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी कृष्ण मुरारी तुलस्यान ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य का कॉन्ट्रैक्ट नितेश मोरवाल सुपुत्र राधेश्याम मोरवाल ठेकेदार को दिया गया है। विदित है कि तुलस्यान बंसल सेवा सदन शहर के मध्य में रानी सती जी मंदिर के समीप स्थित है। जहां ओपन ठााउंड स्टेज के साथ एसी बैंक्विट हॉल, सात एसी कमरे, किचन के साथ, लिफ्ट की सुविधा, पार्किंग की सुविधा एवं एक बड़ा रसोई घर बना हुआ है। यह भवन शादी विवाह, मैरिज एनिवर्सरी एवं बर्थडे पार्टी, धार्मिक आयोजन कथा भागवत, शिक्षा सेमिनार आदि सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान है। उपरोक्त भवन का लोकार्पण दिसंबर 2023 में किया गया था। जब से लेकर आज तक उचित शुल्क पर सभी वर्ग के लोगों के उपयोग में आ रहा है।

### खुशी-9 अभियान का शुभारंभ

**झुंझुनूं** राजस्थान पुलिस ने लापता हुए बच्चों को ढूंढने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। ताकि बच्चे भी परिवार में वापिस आकर और परिवार भी अपने बच्चों को वापिस पाकर खुशी के पल जी सके। इसलिए राजस्थान पुलिस ने खुशी–9 अभियान शुरू किया है। जिसके तहत झुंझुनूं में भी इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। झुंझुनूं जिले के विभिन्न थानों में करीब 26 ऐसे बच्चों को चिह्नित किया गया है। जो काफी समय से लापता है। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि डीआईजी शरद चौधरी के नेतृत्व व निर्देशन में एक अप्रेल से अभियान खुशी–9 शुरू कर दिया है। पहले तीन दिनों में हम लापता हुए चार बच्चों को दस्तयाब कर चुके है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाकर इन परिवारों को खुशी देने का काम किया जाएगा। इसके लिए हर थाना स्तर पर एसएचओ के नेतृत्व में टीम बनाई है। साथ ही साइबर सैल की सहायता भी इन सभी थानों में मुहैया होगी। ताकि अधिक से अधिक बच्चे दस्तयाब किया जा सके। उन्होंने बताया कि हर दिन इस अभियान की मॉनेटरिंग की जा रही है। आपको बता दें कि राजस्थान पुलिस के एडीजी ह्यूमन राइट्स के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान शुरू किया गया है। वहीं बाल अधिकारों और अभियान की जानकारी के लिए कालिका और निर्भया स्कवायड के अलावा थानाधिकारी स्कूल–कॉलेजों में जाकर जागरूकता के कार्यक्रम भी कर रहे है।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

**झुंझुनूं** । जिले की चिड़ावा पंचायत समिति के किशोरपुरा गांव में आम रास्ते पर दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में प्रभावित ठाामीणों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत की है। गांव के लोगों ने बताया कि किशोरपुरा के वार्ड नंबर एक में एक व्यक्ति द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पहले भी रास्ता बंद करने की कवायद की गई थी। लेकिन आम रास्ते पर नींव खोदकर दीवार बनाई जा रही है। जिसकी शिकायत चिड़ावा एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ और पंचायत को की गई। पंचायत ने नोटिस भी जारी कर दिए। लेकिन यह व्यक्ति मान नहीं रहा। ना तो नोटिस का जवाब दे रहा है और ना ही काम बंद कर रहा है। यदि यह दीवार बन जाती है तो पूरी तरह से आम रास्ता बंद हो जाएगा। जिस पर कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की गई है।

### कुंड में डूबने से एक युवक की मौत

**रतनगढ** । राजियासर मीठा गांव में कुंड में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। कुंड से पानी निकालते समय युवक का पैर फिसलने हादसा हुआ। हेड कॉन्स्टेबल हरिशंकर ने बताया कि राजियासर मीठा गांव में संदीप मेघवाल (24) कुंड से पानी निकाल रहा था। अचानक उसका पैर फिसल गया और वह कुंड में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों की मदद से संदीप को कुंड से बाहर निकाला और तुरंत रतनगढ़ के जालान अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हेड कॉन्स्टेबल हरिशंकर के अनुसार घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई थी।

**पाटन** । प्राचार्य डॉ. मदन लाल मीणा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, काली बाई मेधावी छात्रा स्कूटी वितरण योजना 2024–25 के विभिन्न वर्गों तथा देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना और प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदित फॉर्म्स की आक्षेप आपूर्ति तिथि को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर ने बढ़ा दिया है। इसके अलावा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न छात्रवृत्तियाँ और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना की अंतिम तिथि भी बढ़ाकर 9 अप्रैल 2025 कर दी गई है। सभी विद्यार्थियों से अनुरोध है कि जिन्होंने इन योजनाओं में आवेदन किया है, वे शीघ्र आक्षेप आपूर्ति करें ताकि फॉर्म्स को अठोषित किया जा सके। यदि उक्त तिथि तक आक्षेप आपूर्ति नहीं की जाती है, तो विद्यार्थी स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होंगे।

### खेतड़ी ब्लॉक की उपभोक्ता समिति का गठन

**शिमला** । खेतडी उपभोक्ता समिति के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. रामानंद शर्मा ने जिलाध्यक्ष प्रभुशरण तिवाडी व संगठन प्रभारी कैप्टन शंकरलाल की अभिशंसा पर खेतड़ी ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा दलोता, गफ्फार खान पपुरना, बसंतराम कालोटा, महासचिव डॉ. प्रदीपकुमार सुरोलिया बबाई, सुधीर गुप्ता खेतड़ी, डॉ. संदीप कुमार गुर्जर मेहाड़ा गुर्जरवास, कोषाध्यक्ष धर्मपाल यादव शिमला, सहायक कोषाध्यक्ष मनीष यादव ठाठवाड़ी, संगठन मंत्री संजय कुमार जेवरिया रवां, सूबेदार सुखराम रोड़ासर तातीजा, रमेश कुमार शेखावत ककराय को मनोनीत कर कार्यकारिणी का गठन किया है।

# परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थी पर पेनल्टी

**झुंझुनूं,** । राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों पर लगाम कस दी है। एक साल में चयन बोर्ड की दो परीक्षाओं में लगातार अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अब ना केवल आवेदन करने के लिए ब्लॉक किया जाएगा। बल्कि पेनल्टी भी वसूली जाएंगी। उसके बाद ही अभ्यर्थी आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन कर पाएगा। लेकिन दूसरी ओर अनुपस्थित का बड़ा कारण रहने वाली समस्या एक ही तिथि को आयोजित होने वाली दो परीक्षाओं के संबंध में कोई विशेष निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ. बीसी बधाल ने आदेश जारी किए हैं जिसमें लिखा गया है कि राज्य में विभिन्न परीक्षाओं के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रणाली लागू हैं। जिसके तहत अभ्यर्थी को एक बार रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करवाने के बाद भविष्य की विभिन्न परीक्षाओं के आवेदनों के लिए बार–बार शुल्क नहीं देना पड़ता है। लेकिन इससे कुछ अभ्यर्थी बिना गंभीरता और तैयारी के ऑनलाइन आवेदन कर देते हैं। बोर्ड को आवेदन पत्रों की संख्या के आधार पर ही पारी, प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट, वीक्षक ड्यूटी समेत अन्य व्यवस्थाएं करनी होती है। लेकिन अभ्यर्थियों के बडी संख्या में अनुपस्थित रहने से स्कूलों में पढ़ाई बाधित होने समेत अन्य अनावश्यक परेशानी होती हैं। साथ ही राज्य सरकार का व्यय भी अनावश्यक रूप से बढ़ रहा है। इसके लिए यह नियम लागू किए गए हैं।

## बैठक आज

**झुंझुनूं,** । भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सप्ताह भर तक होने वाले विभिन्न सरोकार के कार्यों की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में मंडल अध्यक्षों की एक बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अध्यक्षता में दोपहर दो बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में स्थापना दिवस के आगामी कार्यक्रमों के लिए मंडल अध्यक्षों को ज़िम्मेदारी दी जाएगी। भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर 6 से 13 अप्रेल तक होने वाले सेवा के साप्ताहिक कार्यक्रमों की पूर्व तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में आयोजित बैठक में जिले भर के भाजपा मंडल अध्यक्ष भाग लेंगे। शर्मा ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के आ ान एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सैनी के निर्देशन में स्थापना दिवस के सप्ताह भर होने वाले विभिन्न सेवा सरोकार के कार्यक्रम जिले से प्रत्येक मंडल के बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे।

# ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

- **रामनवमी शोभायात्रा के मध्यनजर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त**

**सीकर** । जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 6 अप्रेल 2025 (रविवार) को रघुनाथजी के मन्दिर से शुरू प्रस्तावित रामनवमी शोभायात्रा के मध्यनजर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

आदेशानुसार निखिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट सीकर,कुणाल राहड, सहायक कलक्टर मुख्यालय प्रथम को सम्पूर्ण रामनवमी शोभायात्रा के साथ, राहुल कुमार मल्होत्रा उपखण्ड अधिकारी घोद, नारायण राम दैया तहसीलदार धोद को समपूर्ण शोभायात्रा के आगे–आगे रहेगें समापन तक, विजेंद्र पाल जिला रसद अधिकारी सीकर, बजरंग लाल तहसीलदार सीकर को रघुनाथजी के मन्दिर से गोपीनाथजी के मन्दिर और गणेश मन्दिर, पारीक जूस तक इसके उपरान्त शोभायात्रा के पीछे–पीछे रहेगें समापन तक, जगदीश गोड, सचिव, यू.आई.टी. सीकर, सत्यवीर सिंह उपपंजीयक सीकर को पारीक जूस से जैन स्कूल के सामने, तापड़िया बगीची से स्टेशन रोड तक एवं इसके उपरान्त शोभायात्रा के मध्य में रहेगें समापन तक, अविनाश चौधरी, तहसीलदार नेछवा, कल्पना प्रशिक्षु आरएएस को स्टेशन रोड़ से तापड़िया बगीची होते हुए जाटिया बाजार, सूरजपोल गेट तक इसके उपरान्त शोभायात्रा के मध्य में रहेगें समापन तक भीमसेन सैनी तहसीलदार सीकर ग्रामीण, हनुमान सिह नायब तहसीलदार सीकर ठाामीण को सूरजपोल गेट से कल्याणजी का मन्दिर होते हुए रामलीला मैदान शोभायात्रा समापन तक नियुक्त किया गया है।

नियुक्त सभी मजिस्ट्रेट पुलिस से समन्वय बनाये रखते हुए अपने–अपने नियुक्ति क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के निमित समस्त समुचित आवश्यक कार्यवाही करते हुए कार्यकम के सम्पूर्ण प्रभारी अति0 जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) एवं अति0 जिला मजिस्ट्रेट (शहर) रहेंगे। (शोभायात्रा के प्रारंभ होने से लेकर समापन तक शोभायात्रा के साथ रहेंगे) प्रत्येक घटनाक्रम से जिलामजिस्ट्रेट मुकुलशर्मा को निरन्तर सूचित रखेंगे।

## अंतराष्ट्रीय ऑटिज़्म दिवस मनाय

**लक्ष्मणगढ शेखावाटी** । राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थिति संदर्भ कक्ष पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवभगवान गौरा के निर्देशन में विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुशीला कुलहरी ने की ।संदर्भ व्यक्ति सुरेश कुमार भास्कर ने दिव्यांगता के प्रकारों की चर्चा करते हुए विश्व ऑटिज़्म दिवस मनाए जाने की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2 अप्रेल 2007 से विश्व ऑटिज़्म दिवस ऐसे बच्चों के स्वाभिमान व गरिमा का ख्याल रखने के उद्देश्य से प्रति वर्ष मानते आ रहे हैं। व्यख्याता बी लाल ने ऑटिज़्म वालों के व्यवहारगत बर्ताव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे ऐसे दोस्त चाहते हैं जो उनके साथ धैर्य और प्यार से व्यवहार करें।वे ना तो बीमार हैं, ना ही टूटे हुए हैं।

# नीमकाथाना जिला बनाए जाने की मांग, प्रदर्शन जारी

**पाटन** । नीमकाथाना जिला बनाए जाने की मांग को लेकर ठााम पंचायत न्यौराणा में धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस क्रम में ठाामवासियों ने क्रमिक भूख हड़ताल की और विरोध प्रदर्शन किया। धरने में प्रमुख रूप से रामजीलाल सैनी, बाबूलाल मीणा, प्रकाश सैनी, रामेश्वर लाल यादव, दाताराम गुर्जर, बलवीर मीणा, रूड़मल मीणा, रघुनाथसिंह यादव, बाबूलाल कुमावत, बन्टी कुमावत, झाबरमल मीणा, राजू मीणा, हुक्कमचंद मीणा, सुरेश सिराधना, राजेश कुमार मीणा, मालीराम मीणा सहित कई अन्य स्थानीय नेताओं और ठाामीणों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर और नारेबाजी करते हुए सरकार के खिलाफ विरोध जताया।धरने को समर्थन देने वालों में धनीराम मीणा, मालीराम मीणा, दुलीचंद मीणा, मातादीन मीणा, हरिराम मीणा, राजेश, सुरजाराम मीणा, रामनारायण सैनी, बहादुरसिंह यादव, जितेन्द्र कुमार मीणा, अशोक सुभाष यादव, हवासिंह सिराधना, विजेन्द्र कुमार गुर्जर और सहदेव मीणा सहित कई अन्य लोग शामिल थे।धरने को संबोधित करते हुए रामजीलाल सैनी ने कहा कि सभी क्षेत्रवासियों की एक ही अपील है कि नीमकाथाना को जिला यथावत रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस मुद्दे को नजरअंदाज किया, तो इससे ना केवल नीमकाथाना बल्कि पूरे सीकर संभाग में असंतोष और उपेक्षा की भावना पैदा होगी, जो सरकार के लिए नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।बाबूलाल मीणा ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने अन्यायपूर्ण तरीके से नीमकाथाना जिले को निरस्त किया है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नीमकाथाना जिले के सभी मानकों को पूरा करते हुए इसे निरस्त किया है और इस फैसले के पीछे केवल राजनैतिक द्वेष है।

## उप प्राचार्य पद पर यादव ने किया कार्यग्रहण

**पाटन** । निकटवर्ती ग्राम गुहाला के अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में उप प्राचार्य पद पर छोटू राम यादव ने कार्यभार ठाहण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मदनलाल ने उन्हें पदभार सौंपा, जबकि उप प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार जांगिड़ ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर आनंद हरडिया ने बताया कि यह गुहाला के लिए सौभाग्य की बात है कि कला जगत के प्रख्यात शिक्षक छोटू राम यादव ने यहां कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने नीमकाथाना में गजानंद मोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अपनी सेवाएं दी थीं, जहां चित्रकला विषय को पढ़ाने का अनूठा कार्य किया था। नीमकाथाना ब्लॉक में एकमात्र विद्यालय है जहां चित्रकला विषय संचालित हो रहा है। गुहाला के निवासियों में खुशी की लहर है, क्योंकि छोटू राम यादव बच्चों को कला के प्रति रुचि और कौशल विकसित करने का कार्य करेंगे।

# सूने पड़े है राजस्व से जुड़े दफ्तर

**झुंझुनूं,** । जिले की बिसाऊ तहसील में खाली तहसीलदार के पद पर कलेक्ट्रेट के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को चार्ज देने का विवाद नहीं थम रहा है। पहले इस चार्ज देने के विरोध में जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर और पटवारियों ने विरोध किया और गुरूवार से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी।

राजस्व सेवा परिषद के दबाव के बाद जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को दिए गए चार्ज का आदेश वापिस ले लिया तो सुबह राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन पर उतर गए। गुरूवार को झुंझुनूं जिले के 250 के करीब राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल पर है। कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कलेक्ट्रेट, एसडीएम, तहसील व नायब तहसीलदार कार्यालय के काम ठप हो गए है। कर्मचारी नेता विपिन नूनियां तथा राजेश बजाड़ ने बताया कि राजस्व मंडल के आदेशों की पालना में कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को तहसीलदार बिसाऊ का चार्ज दिया था। लेकिन राजस्व सेवा परिषद ने बेवजह ही आदेश का विरोध किया और दबाव में लेकर कलेक्टर से आदेश वापिस करवा दिया। लेकिन कलेक्टर को भी भावना और दबाव में आकर ऐसा नहीं करना चाहिए था।

कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक बिसाऊ तहसीलदार का चार्ज वापिस अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को नहीं दिया जाता। वे कार्यालयों में नहीं लौटेंगे। इधर, इस मामले को लेकर शुक्रवार को पूरे प्रदेश के कर्मचारी जयपुर में जुटेंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। वहीं कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज कलेक्ट्रेट, एसडीएम और तहसील कार्यालय सूने रहे।

# परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करें : सहारण

**चूरू** । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जलठाहण घटक के तहत प्रदेश में चल रही जलग्रहण यात्रा बुधवार को गांव दुधवाखारा पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़, अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता मजहर हुसैन, अधिशासी अभियंता जगदीश, दूधवाखारा सरपंच सिणगारी देवी, सरपंच प्रतिनिधि प्रो. डीके सिंह कस्वां, लालासर सरपंच गोपाल कस्वां, एईएन नागरमल वर्मा, जेईएन सचिन अग्रवाल व तारानगर जेईएन संजय नायक थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनों को जल संठाहण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि हम अगर बारिश के पानी को इकट्ठा नहीं करेंगे तो आने वाले समय में पानी की भयंकर किल्लत हो जायेगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर उनकी मरम्मत मरम्मत करवाकर जल का संठाहण करें। हमारा प्रयास रहे कि छत का पानी घर में तथा खेत का पानी खेत में ही काम आए। प्रधान दीपचंद राहड ने कहा कि पानी को रिसाईकिल करने पर फोकस करें। खेतों में टांकों के माध्यम से कृषि को सुदृढ करते हुए फसल की उपज बढ़ाएं। अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार ने कहा कि जलग्रहण गतिविधियों में सभी के प्रयासों से हम जल स्तर को बढ़ा पाएंगे। सरपंच प्रतिनिधि प्रो. डीके सिंह कस्वां व लालासर सरपंच गोपाल कस्वां ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। हम संकल्पित होकर जल संरक्षण के लिए प्रयास करें। इस दौरान विद्यार्थियों ने जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में जलग्रहण गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला, वाद विवाद व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सहारण ने दुधवाखारा में झाड़वानी जोहड़े का उद्घाटन किया और पौधारोपण भी किया। वहीं खेल मैदान में सार्वजनिक कुंड का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पंडित च्यानणमल शर्मा ने मंत्रोच्चारण कर भूमि पूजन करवाया। विधायक सहारण ने जल संचय को लेकर जागरूकता रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देवेंद्र खिचड़, दयाराम कस्वां, राजेंद्र मेहड़ा, महावीर फौजी, देवकरण दायमा, राजवीर सिंह चारण, शंकर लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र ढेबाण ने किया।



विधायक सहारण ने दूधवाखारा में जलग्रहण कार्यों का लोकार्पण किया।

## भजन संध्या व संत प्रवचन का आयोजन

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । शेखावाटी अंचल के सिद्ध संत बाबा मालदास महाराज की 47वीं पुण्यतिथि तिथि राजपुरा स्थित बाबा मालदास धाम में भजन संध्या व संतों के प्रवचन हुए आयोजित श्रद्धा, भक्ति व आध्यात्मिक कार्यक्रम में संत विकास नाथ महाराज पूर्ण नाथ आश्रम लक्ष्मणगढ, संत कैलाश नाथ महाराज रूक्कनसर आश्रम, रामगढ, संत गुलाब नाथज महाराज रूक्कनसर आश्रम, रामगढ, श्री स्मृतिनाथ महाराज पूर्ण नाथ आश्रम, लक्ष्मणगढ, श्री सुंदर नाथ महाराज बालकाबास आश्रम,राजपुरा, जीत नाथ महाराज, महावीरजती महाराज गाडोदा,शिवराजजती महाराज , भोजासर बडा दिलीप दास महाराज लक्षमनगढ , सोमनाथ महाराज आदि संत महात्मा उपस्थित हुए व अपने प्रवचन दिए । कार्यक्रम में भजन संध्या का शानदार आयोजन हुआ। संचालन मालदास सेवा समिति के ओमप्रकाश पूनिया ने किया ।इसअवसर पर पूर्व केंद्रीयमंत्री सुभाष महरिया, पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी, भाजपा नेता नौरंग चौधरी लालासी,डॉ एनसी पुनिया,पवन ढाका महेन्द्र डोरवाल , डॉ बराला आदि मंचस्थ अतिथि थे। मालदास सेवा समिति के विजेंद्र पूनिया पूनिया अशोक मीना हवलदार रामलाल मीणा फूलचंद पूनिया जीतू अनिल निखिल महावीर पूनिया आदि ने अतिथियों का स्वागत किया ।

# कलेक्ट्रेट पर महाघेराव सात को

**झुंझुनूं** । श्री शार्दूल सिंह शेखावत छात्रावास में सहभागी राजपूत परिवार की प्रेस वार्ता संस्थापक अध्यक्ष इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें भारत की राज्य सभा में शौर्य के सर्वोच्च प्रतीक महाराणा सांगा के अपमान पर सभी मूक सांसदों और सभापति होने के नाते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड को सबसे अधिक दोषी ठहराया गया। सामान्यत: किसी छोटी–मोटी घटना पर भी सांसद सदन की कार्यवाही रोक देते हैं। धरने पर बैठ जाते हैं। निंदा प्रस्ताव पारित करते हैं। सांसदों को निलम्बित भी कर दिया जाता है। परंतु राजस्थान अपितु भारत के पराक्रम की पराकाष्ठा पूरे विश्व में लहराने वाले महाराणा सांगा के अपमान पर सब पार्टियों को जैसे सांप ही सूंघ गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि अब संसद के दोनों सदनों में कोई भी पार्टी या सांसद राजस्थान की गौरव गाथा का सहभागी नहीं बचा है। इसलिए भविष्य में अपने स्वयं के सहभागी सांसदों को निर्वाचित कराने का प्रयास किया जाएगा। इस प्रकरण में भारत देश की राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। क्यूंकि राष्ट्रपति महिला है और स्वयं आदिवासी परिवार से आती हैं। इसलिए उनको ऐसी किसी भी शर्मसार करने वाली घटना के खिलाफ सख्त से सख्त कानून बनाए जाने की गुहार करी जाएगी। महापुरूषों की जीवनी प्रथम कक्षा से लेकर उच्चतम शिक्षा तक बार–बार पढ़ाने का कानून बनाया जाए। ऐसी किसी भी घटना का हर तरीके का प्रसारण तुरंत प्रभाव से रोका जाए। सांसदों के चुनाव लड़ने पर रोक से लेकर जेल, देशद्रोह, देश निकाला जैसे कड़े प्रावधान किए जाए। महापुरूषों की महानता की गाथाएं ऐसे निर्लज्ज नेताओं के गले में लटकाई जाए। इस मौके पर उन्होंने जिले के गांव टोडी में दलित परिवार के रोशनलाल मेघवाल, वास्तविक पिछड़ा वर्ग की बहन राजेश देवी सैनी की पैतृक जमीन पर अतिक्रमणवादी सोच के भूमाफिया ने स्थानीय नेताओं और प्रशासन को साथ लेकर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। उनके मकान, दुकान, सामान, फसलों को जेसीबी मशीन एवं अन्य गाटर लगी कैम्परों और लोहे के हथियारों से नेस्तनाबूद कर दिया गया। इसके खिलाफ उक्त दोनों परिवारों ने 19 मार्च से कलेक्ट्रेट के बाहर आमरण अनशन किया। जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा उनके साथ जानवरों जैसे व्यवहार किया गया। 24 मार्च को सहभागी राजपूत परिवार और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से बहुत बड़ा धरना दिया गया। दलित, वास्तविक पिछड़ा वर्ग, राजपूत, कायमखानी राजपूत, अन्य मुस्लिम और समस्त सहभागी समाज का प्रतिनिधिमंडल बनाकर झुंझुनूं के क्लेक्टर व एसपी से भेंट की गई। प्रशासन द्वारा सभी मांगें मानने और हर तरीके से न्याय दिलवाने के आश्वासन पर सहमति बनी।


**बेदखली सर्वसाधारण सूचना**

मैं शपथपूर्वक बयान करता हूं यह कि मेरी पुत्री चन्द्रकला पत्नी सुबेसिंह जाति जाट निवासी डोकवा तहसील राजगढ़ जिला चूरू है, जो कभी-कभी मेरे पास गांव चाँदगोठी आ जाती है तथा मेरे साथ मारपीट करती है व गालियां निकालती है व मेरे पर झूठा केस राजगढ़ कोर्ट में कर रखा है। मैं बुढा आदमी हूं, मेरा जीना हराम कर रखा है। मेरा घर मेरे से छुड़वा दिया है और मेरे घर के मकानों को इसने फुड़वा दिया है। मैं डरता हुआ अब अपनी दूसरी पुत्री सुमन के पास डोकवा गांव में रहता हूं। मेरी जमीन पर भी धक्काशाही कर रही है, मेरी फसल उपाड़ कर ले जाती है तथा मेरे को जान व माल का पूरा-पूरा खतरा है। अतः मेरी जान व माल की सुरक्षा की जावे, वरना कोई भी घटना किसी भी वक्त कर सकती है। इस कारण मैं मेरी पुत्री चंद्रकला को मेरी जमीन से बेदखल करता हूं। आज के बाद मेरी सम्पूर्ण चल अचल संपत्ति में मेरी पुत्री चन्द्रकला का कोई हक व हिस्सा नहीं रहा है। सूचित करता हूँ। सूचित रहे।

शपथग्रहिता- जयदेव आयु 75 साल पुत्र रामजीलाल जाति जाट निवासी चान्दगोठी तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राजस्थान)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 10/2025 (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री नरेन्द्र सिंह भाटी, श्री लक्ष्मण सिंह जरिए अधिवक्ता आर.के. शर्मा निवासी ग्राम कुठानिया, पोस्ट मोई, पुरानी तहसील बुहाना, जिला झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23. के अन्तर्गत मंदिर श्री देई माई, कुठानियां धाम ग्राम कुठानिया, पोस्ट मोई, पुरानी तहसील बुहाना, जिला झुंझुनू, पुर्व अध्यक्ष सुमेर सिंह भाटी के स्थान पर नवमनोनित अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह भाटी का नाम, कोषाध्यक्ष श्री नरपाल सिंह पुत्र सिंह भंवर सिंह का नाम दर्ज अभिलेख किए जाने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तिया प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 02.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइन्दा तारीख पेशी 06.05.202

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर